On this page:

आपको किन बातों से अवगत होना चाहिए
एनडीआईएस को कॉल कैसे करें
एनडीआईएस को समझना
योजना बनाना
अपनी एनडीआईएस योजना का प्रयोग करना
अधिक जानकारी
जिन लोगों को अंग्रेज़ी में मदद की ज़रूरत है
सुनने या बोलने की समस्या से ग्रस्त लोगों के लिए

इस तथ्य -पत्रक में भाषा के लिए दुभाषिया सेवाओं की
आवश्यकता वाले विकलाँगता -ग्रस्त लोगों के लिए जानकारी
दी गई है।

आपको किन बातों से अवगत होना

चाहिए

दुभाषिया सेवाएँ (Interpreting Services) व्यक्ति द्वारा अपनी
पसंद की भाषा में बोली गई बातों को अंग्रेज़ी में
संचारित करना संभव बनाती हैं। दुभाषिया सेवाएँ
राष्ट्रीय असमर्थता बीमा योजना (एनडीआईएस ) [National Disability
Insurance Scheme (NDIS)] की ओर से टीआईएस नेशनल (TIS National) द्वारा
उपलब्ध कराई जाती हैं।

टीआईएस नेशनल पूरे ऑस्ट्रेलिया -भर में 160 से भी अधिक अलग
-अलग भाषाओं में 3,000 से भी अधिक प्रमाणित दुभाषियों को
अनुबंधित करती है।

एनडीआईएस को कॉल कैसे करें

आप टीआईएस नेशनल को सीधे 131 450 पर कॉल करके एनडीआईएस से
1800 800 110 पर बात करने के लिए कह सकते /सकती हैं।

एनडीआईएस को समझना

एनडीआईएस प्रतिभागियों और देखभालकर्ताओं से भाषा का
दुभाषण करने वाली सेवाओं के लिए शुल्क नहीं लिया जाता

भाषा के लिए दुभाषिया सेवाएँ 24/11/2026, 12:38

https://ndis.gov.au/contact/ndis-hindi/bhaasaa-kae-laie-daubhaasaiyaa-saevaaen Page 1

है।

दुभाषिए की भूमिका केवल बोले गए शब्दों का दुभाषण करने
की ही होती है। इसका अर्थ है कि वे आपको एनडीआईएस के बारे
में सलाह देने में असमर्थ होंगे।

एनडीआईएस योजनाकार (NDIS Planners), शुरुआती बचपन शुरुआती
हस्तक्षेप सेवाएँ (Early Childhood Early Intervention Services) और
स्थानीय क्षेत्रीय समन्वयन सेवाएँ (Local Area Coordination
Services) आपको दुभाषिए से संपर्क करने में मदद दे सकती हैं।

योजना बनाना

आपका एनडीआईएस योजनाकार , शुरुआती बचपन शुरुआती
हस्तक्षेप सेवाएँ , स्थानीय क्षेत्रीय समन्वयन सेवाएँ
या समर्थन समन्वयक (Support Coordinator) आपके लिए एक प्रमाणित
दुभाषिए का आरक्षण करेंगी।

आप अपने साथ अंग्रेज़ी बोलने वाले किसी परिजन या मित्र
को अपनी मुलाकात में ला सकते /सकती हैं, लेकिन एनडीआईएस
भी आपको एक दुभाषिया उपलब्ध कराएगी।

जहाँ संभव हो, आपकी आमने -सामने की एनडीआईएस मुलाकातों
में ऑन -साइट दुभाषियों को शामिल करने के लिए आरक्षण
किया जाएगा , परंतु फोन पर दुभाषिया सेवाओं का उपयोग
छोटी अवधियों वाली आसान बातों के संचार के लिए किया
जाएगा।

एनडीआईएस आपकी या आपके देखभाल -प्रदाताओं की पसंदीदा
भाषा में एक प्रतिभागी योजना प्रदान कर सकती है।

अपनी एनडीआईएस योजना का प्रयोग

करना

आपका एनडीआईएस प्रदाता आपकी योजना में वित्त -पोषित
समर्थनों का उपयोग करने में आपकी मदद करने के लिए
दुभाषिया सेवाएँ प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है।

आपका एनडीआईएस प्रदाता या समर्थन समन्वयक आमने -सामने
या फोन पर भाषा समर्थन दुभाषिए के लिए आरक्षण करेगा।

भाषा के लिए दुभाषिया सेवाएँ 24/11/2026, 12:38

https://ndis.gov.au/contact/ndis-hindi/bhaasaa-kae-laie-daubhaasaiyaa-saevaaen Page 2

भाषा दुभाषण समर्थन आपकी एनडीआईएस योजना का हिस्सा
नहीं है।

आप अपने एनडीआईएस प्रदाता से प्रत्येक बार मिलते समय
किसी विशिष्ट दुभाषिए का आरक्षण करने के लिए कह सकते /
सकती हैं, उदाहरण के लिए, यदि आप हरेक बार एक ही दुभाषिया
चाहते /चाहती हैं या किसी विशिष्ट लिंग का दुभाषिया
चाहते /चाहती हैं।

पंजीकृत एनडीआईएस प्रदाता , जिनमें समर्थन समन्वयक भी
शामिल हैं, एनडीआईएस प्रतिभागियों और उनके
देखभालकर्ताओं के लिए एनडीआईएस द्वारा वित्त -पोषित
दुभाषिए सुलभ कराने के लिए टीआईएस नेशनल के साथ अपना
पंजीकरण कर सकते हैं।

अधिक जानकारी

एनडीआईएस - 1800 800 110

जिन लोगों को अंग्रेज़ी में मदद

की ज़रूरत है

TIS: 131 450

सुनने या बोलने की समस्या से

ग्रस्त लोगों के लिए

TTY: 1800 555 677

स्पीक एंड लिसन: 1800 555 727

इंटरनेट रिले: नेशनल रिले सेवा

www.relayservice.gov.au

Contact supports and services

भाषा के लिए दुभाषिया सेवाएँ 24/11/2026, 12:38

https://ndis.gov.au/contact/ndis-hindi/bhaasaa-kae-laie-daubhaasaiyaa-saevaaen Page 3

Translating and interpreting

Find out about language interpreting services or phone 131 450.

National relay service

Visit the National Relay Service website.

Family violence support

Find family violence and mental health services.
This page current as of
9 September 2020

भाषा के लिए दुभाषिया सेवाएँ 24/11/2026, 12:38

https://ndis.gov.au/contact/ndis-hindi/bhaasaa-kae-laie-daubhaasaiyaa-saevaaen Page 4